# 3 माह की वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान अंतर्गत ग्राम मेंढकी में कैम्प किया आयोजित

## 30 सितम्बर तक विभिन्न गांवों में चलेगा अभियान

**●अदनान खान | सलामतपुर**

सोमवार को सांची जनपद के ग्राम मेंढ़की में वित्तीय समावेशन एफआई संतृप्ति अभियान के अंतर्गत एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक एम. वी. मुरली कृष्णा, भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक रेखा चंदनावेली, एसएलबीसी संयोजक धीरज गोयल, अंचल प्रमुख प्रवीण काबरा केनरा बैंक, अंचल प्रमुख लोकेश कुमार यूको बैंक सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे। भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितम्बरतक देश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में संचालित किया जा रहा है।

**सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं वित्तीय साक्षरता संबंधी जानकारी दी :** शिविर के दौरान एमवी. मुरली कृष्णा एवं रेखा चंदनावेली ने ग्राहकों से संवाद कर उन्हें री-केवाईसी की




प्रक्रिया, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं वित्तीय साक्षरता संबंधी विषयों पर जानकारी दी। प्रधानमंत्री जनधन खाता खोलना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत बीमा, अटल पेंशन योजना में नामांकन, 10 वर्ष अथवा उससे अधिक पुराने, निष्क्रिय खातों के लिए पुनः केवाईसी कराना, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव एवं आरबीआई के अदावी जमा खातों से राशि दावा प्रक्रिया बताई गई।

**अभियान का उद्देश्य :** ग्रामीण एवं निम्न आय वर्ग तक वित्तीय समावेशन योजनाओं की पहुंच और जागरूकता बढ़ाना। बैंकिग एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना और मध्य प्रदेश की सभी 23043 ग्राम पंचायतों में बैंकों एवं बैंक मित्रों बीसीएस द्वारा इस अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।